राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करें युवा : राज्यपाल

यूटीयू के दीक्षांत समारोह में पांच हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का आठवां दीक्षांत समारोह मंगलवार को मनाया गया। विवि के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने बतौर मुख्य अतिथि की। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कुल 5387 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, युवा का अर्थ गति, कौशल और पैमाने के साथ काम करने की क्षमता है। युवा पीढ़ी भारत के भविष्य के कर्णधार हैं। देश के युवा नए भारत और विकसित भारत के सपनों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवाओं को राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से काम करना होगा। उन्होंने कहा, सीखने का कोई समय और उम्र नहीं होती। हमें जीवन भर सीखना चाहिए। क्योंकि आज तकनीक हर रोज बदल रही है, जो आज सीखते हैं वो कल पुराना हो जाता है।

कहा, वर्तमान डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत का नए-नए तरीके से उपयोग करना महत्वपूर्ण हो गया है, यह सिस्टम को दक्ष बनाने में काफी मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में 24 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। वहीं, तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा, युवा जिस भी क्षेत्र में जाएं वहां ईमानदारी और सकारात्मकता के साथ कार्य करें।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, आपके जज्बे और प्रतिभा के आगे कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री आदि मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह (से नि) के साथ छात्र-छात्राएं। स्रोत : सूचना विभाग

शालिनी बनी विवि टॉपर

समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के 3843 एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में 1544 समेत कुल 5387 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर अपनी उपाधियां प्राप्त की है। इनमें से 16 छात्रों को स्वर्ण, 14 को रजत और 13 को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। जबकि बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा वैशाली नेगी को ओवर ऑल टॉपर के रूप में विनोद देवी अग्रवाल मेमोरियल स्वर्ण पदक से नवाजा गया।

कंप्यूटरमैन को डीलिट और टॉयमैन को डीएससी की उपाधि

समारोह में भारतीय कंप्यूटर विज्ञान के अग्रणी और सुपर कंप्यूटर के जनक पद्मभूषण डॉ. विजय पांडुरंग भटकर को डीलिट की उपाधि से नवाजा गया। वहीं टॉयमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पद्मश्री अरविंद कुमार गुप्ता को डीएससी की मानद उपाधि दी गई। दोनों ने ऑनलाइन माध्यम से विवि का आभार जताया।